**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 2008**
**09 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए**
**अमृत के अंतर्गत ओडिशा से शहरों को शामिल करना**

**2008. श्री रमेश चन्द्र माझी:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत ओडिशा से शामिल किए गए शहरों की संख्या क्या है तथा चालू वित्त वर्ष सहित गत पांच वर्षों के दौरान इस योजना को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;
(ख) नवरंगपुर संसदीय चुनाव क्षेत्र सहित ओडिशा के विभिन्न शहरों में अमृत के अंतर्गत कौन-कौन से विकास कार्य शुरू किए गए हैं;
(ग) विभिन्न शहरों में इस योजना के अंतर्गत निर्धारित कितने लक्ष्य प्राप्त किए गए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) इस मिशन के तहत अब तक आवंटित और व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(ड.) इस मिशन के तहत संविदा दी गई परियोजनाओं की संख्या तथा उनके लिए निर्धारित/निवेश की गई राशि का ब्यौरा क्या है; और
(च) अमृत के अंतर्गत अब तक पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क): ओडिशा राज्य के नौ (9) शहर, अर्थात् भद्रक, कटक, बालेश्वर नगर, पुरी, भुवनेश्वर नगर, बारीपदा नगर, ब्रह्मपुर, राउरकेला नगर और संबलपुर नगर, अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (**अमृत**) योजना के तहत शामिल किए गए हैं।

अमृत योजना सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के **500** चयनित शहरों में 25 जून 2015 को शुरू की गई थी, जिसमें जल आपूर्ति के क्षेत्रों में अवसंरचना के विकास; सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन; वर्षा जल की निकासी; हरित स्थान और पार्क; और गैर-मोटर चालित शहरी परिवहन पर ध्यान दिया गया था । शहरी प्रबंधन में सुधार और शहरी पदाधिकारियों की क्षमता निर्माण भी मिशन

का हिस्सा हैं। पिछले पांच वित्तीय वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान मिशन के विभिन्न घटकों के तहत ओडिशा राज्य को जारी केंद्रीय सहायता (सीए) का ब्यौरा निम्नानुसार है:

*(करोड रु में)*

| क्षेत्र/शीर्ष | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **अमृत परियोजनाएं** | **53.04** | **295.48** | **78.25** | **312.83** | **-** | **-** | **739.60** |
| **प्रशासनिक & कार्यालय व्यय (ए&ओई)** | **4.43** | **4.42** | **10.60** | **13.25** | **13.08** | **-** | **45.78** |
| **सुधार प्रोत्साहन** | **10.27** | **20.36** | **11.03** | **16.34** | **-** | **-** | **58.00** |
| **जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय नवीकरण मिशन की पूर्व योजना की अधूरी परियोजनाएं** | **19.24** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **19.24** |
| **जीआईएस आधारित मास्टर प्लान के प्रतिपादन की उप-योजना** | **-** | **0.46** | **-** | **-** | **-** | **-** | **0.46** |
| **स्थानीय क्षेत्र योजना और नगर आयोजनागत योजना (एलएपी एंड टीपीएस) पर मार्गदर्शन** | **-** | **-** | **-** | **0.40** | **-** | **0.80** | **1.20** |
| **कुल:** | **86.98** | **320.72** | **99.88** | **342.82** | **13.08** | **126.73** | **864.28** |

(ख): ओडिशा राज्य में शुरू की गई अमृत परियोजनाओं का शहर-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। नबरंगपुर संसदीय क्षेत्र में कोई अमृत शहर नहीं आता है।

(ग): **अमृत** परियोजनाओं के लिए ओडिशा राज्य की अनुमोदित योजना का आकार 1,599 करोड़ रुपए है, जिनमें 797 करोड़ रुपए की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता (सीए) शामिल है। ओडिशा राज्य ने 1,715 करोड़ रुपए की 191 परियोजनाएं शुरू की हैं, और इनमें से 1,409 करोड़ रुपए की 171 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 307 करोड़ रुपए की केवल 20 परियोजनाएं ही कार्यान्वयनाधीन हैं।

9 अमृत शहरों में जल आपूर्ति के सार्वभौमिक कवरेज को प्राप्त करने के लिए 2.91 लाख नल कनेक्शन और 2.17 लाख सीवर कनेक्शन प्रदान करने के लक्ष्य के मुकाबले अब तक अमृत के

तहत और अन्य योजना के साथ अभिसरण में क्रमशः 1.89 लाख नए नल कनेक्शन और 3.81 लाख नए सीवर कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

अमृत के तहत लंबी अवधि की बड़ी अवसंरचना परियोजनाएं हैं और पूरा होने में महत्वपूर्ण समय लेती हैं। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी और बाढ़, चक्रवात आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं ने परियोजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति को प्रभावित किया।

(घ): **अमृत** के तहत कुल केंद्रीय परिव्यय 50,000 करोड़ रुपए है, जिनमें से 35,990 करोड़ रुपए **अमृत** परियोजनाओं के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) को केंद्रीय सहायता के लिए आवंटित किए गए हैं। अब तक, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को केंद्रीय सहायता (सीए) के रूप में 35,221 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है, जिनमें से 28,894 रुपए अमृत परियोजनाओं के लिए जारी किए गए हैं।

(ड.) और (च): अमृत के तहत, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने 81,969 करोड़ रुपए की 5,980 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 22,430 करोड़ रुपए की 3,883 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, 58,284 करोड़ रुपए की 1,935 परियोजनओं का कार्य प्रगति पर हैं और 1,180 करोड़ रुपए की 126 परियोजनाएं निविदाधीन हैं। अब तक, 80,714 करोड़ रुपए की निर्माणाधीन परियोजनाओं में से, लगभग 57,414 करोड़ रुपए (71%) के काम वास्तविक रूप से पूरे हो चुके हैं। कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने उनके लिए अनुमोदित योजना आकार से अधिक की परियोजनाएं शुरु की हैं। ऐसे मामलों में, संपूर्ण अतिरिक्त व्यय संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा ही वहन किया जाएगा।

इसके अलावा, अमृत शहरों में जल आपूर्ति के सार्वभौमिक कवरेज को प्राप्त करने के लिए 139 लाख नल कनेक्शन और अमृत शहरों में सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन में पर्याप्त सुधार के लिए 145 लाख सीवर कनेक्शन प्रदान करने के लक्ष्य के मुकाबले, क्रमशः मिशन के तहत या अन्य योजनाओं के अभिसरण में 114 लाख नए नल कनेक्शन और 87 लाख नए सीवर कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

******

**"**अमृत के तहत ओडिशा से शहरों को शामिल करने" के संबंध में **09** दिसंबर **2021** के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **2008** के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक:

ओडिशा राज्य में अमृत के तहत शुरू की गई परियोजनाओं का शहर-वार ब्यौरा

***(करोड रु मे राशि)***

| **शहर** | **क्षेत्र** | **कार्य पूरा किया** | | **कार्य प्रगति पर है** | | **कुल** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **सं.** | **राशि** | **सं.** | **राशि** | **सं.** | **राशि** |
| बालेश्वर नगर | जल आपूर्ति | 10 | 91.74 | | | 10 | 91.74 |
| | सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन | 1 | 3.79 | | | 1 | 3.79 |
| | अन्य(पार्क) | 1 | 0.8 | 2 | 1.94 | 3 | 2.74 |
| **बालेश्वर नगर कुल** | | **12** | **96.33** | **2** | **1.94** | **14** | **98.27** |
| बारीपाडा नगर | जल आपूर्ति | 3 | 9.07 | | | 3 | 9.07 |
| | सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन | 1 | 2.6 | | | 1 | 2.6 |
| | अन्य(पार्क) | 2 | 1.6 | 1 | 1.49 | 3 | 3.09 |
| **बारीपाडा नगर कुल** | | **6** | **13.27** | **1** | **1.49** | **7** | **14.76** |
| भद्रक | जल आपूर्ति | 6 | 78.24 | | | 6 | 78.24 |
| | अन्य(पार्क) | 3 | 0.93 | 1 | 0.85 | 4 | 1.78 |
| **भद्रक कुल** | | **9** | **79.17** | **1** | **0.85** | **10** | **80.02** |
| भुवनेश्वर नगर | जल आपूर्ति | 33 | 322.39 | | | 33 | 322.39 |
| | सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन | 2 | 6.5 | | | 2 | 6.5 |
| | अन्य(पार्क) | 11 | 10.55 | | | 11 | 10.55 |
| **भुवनेश्वर नगर कुल** | | **46** | **339.44** | | | **46** | **339.44** |
| ब्रहमपुर | जल आपूर्ति | 11 | 218.7 | | | 11 | 218.7 |
| | सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन | 1 | 3.38 | | | 1 | 3.38 |
| | अन्य(पार्क) | 6 | 3.16 | | | 6 | 3.16 |
| **ब्रहमपुर कुल** | | **18** | **225.24** | | | **18** | **225.24** |
| कटक | जल आपूर्ति | 17 | 207.84 | 5 | 165.84 | 22 | 373.68 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन | 1 | 2.28 | | | 1 | 2.28 |
| | अन्य(पार्क) | 6 | 3.61 | 3 | 5.5 | 9 | 9.11 |
| **कटक कुल** | | **24** | **213.73** | **8** | **171.34** | **32** | **385.07** |
| पुरी | जल आपूर्ति | 8 | 69.01 | 2 | 33.33 | 10 | 102.34 |
| | सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन | 1 | 1.83 | | | 1 | 1.83 |
| | अन्य(पार्क) | 4 | 3.7 | 1 | 0.24 | 5 | 3.94 |
| **पुरी कुल** | | **13** | **74.54** | **3** | **33.57** | **16** | **108.11** |
| राउरकेला नगर | जल आपूर्ति | 8 | 53.32 | 1 | 35.21 | 9 | 88.53 |
| | सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन | 3 | 42.46 | | | 3 | 42.46 |
| | अन्य(पार्क) | 4 | 3.55 | | | 4 | 3.55 |
| **राउरकेला नगर कुल** | | **15** | **99.33** | **1** | **35.21** | **16** | **134.54** |
| संभलपुर नगर | जल आपूर्ति | 23 | 190.15 | 3 | 60.73 | 26 | 250.88 |
| | सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन | 3 | 75.37 | | | 3 | 75.37 |
| | अन्य(पार्क) | 2 | 2.06 | 1 | 1.62 | 3 | 3.68 |
| **संभलपुर नगर कुल** | | **28** | **267.58** | **4** | **62.35** | **32** | **329.93** |
| **सकल योग:** | | **171** | **1,408.63** | **20** | **306.75** | **191** | **1,715.38** |

*****